हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

"प्रेस नोट"

राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति (NMMS) परीक्षा नवम्बर–2022

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति **(NMMS)** परीक्षा 2022 का आयोजन दिनांक 20.11.2022 को किया जा रहा है। पात्र परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र **(Admit Card)** दिनांक 11.11.2022 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in व **SCERT Gurugram, Hry.** की वैबसाईट **scertharyana.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपने **Adhaar No. & Date of Birth** भरकर अपना प्रवेश–पत्र **(Admit Card)** डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थी प्रवेश–पत्र **(Admit Card)** पर दिए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर उनकी अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे।

नेत्रहीन/अशक्त परीक्षार्थी जो स्वयं अपने हाथ से लिखने में असमर्थ है व लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी **(CMO)** द्वारा जारी मैडिकल प्रमाण–पत्र में उनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, ऐसे परीक्षार्थियों के लेखक हेतु विद्यालय के प्राचार्य/प्रतिनिधि, लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेजों/प्रलेखों जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म–तिथि, दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो (एक सत्यापित), फोटो युक्त पहचान–पत्र/आधार कार्ड इत्यादि एवं स्थाई व अस्थाई पता सहित परीक्षा से दो दिन पूर्व बोर्ड मुख्यालय, भिवानी के कमरा नं 28 (विशेष परीक्षा सैल) से लेखक की स्वीकृति लेना सुनिश्चित करेंगें। बोर्ड कार्यालय की स्वीकृति के बिना लेखक को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

हस्ता0
सचिव